**खबर संक्षेप**

### विधायक के जन्मदिवस पर मैहर में रक्तदान



**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी का जन्मदिन भाजपा के कार्यकर्ताओ ने सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।इस दौरान शिविल अस्पताल मैहर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल मैहर के अध्यक्ष विनय पांडेय व मंडल अध्यक्ष विकाश तिवारी की अगुवाई में युवाओ ने रक्तदान किया। सबसे पहले वरिस्ट भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि संजय जादवनी,मैहर सिविल अस्पताल के प्राभारी डॉ.व्ही के गौतम ने किया। सबसे पहले रक्तदान के साथ ही आशीष सोनी,प्रभात भट्टचार्य,श्रीराम गुप्ता,शिवेश गौतम,सिद्धार्थ पांडेय,रामजी गुप्ता,आशीष तिवारी समेत अन्य लोगो ने रक्तदान किया। इस दौरान भाजपा नेता कैलाश चौबे,संतोष सोनी, नितिन ताम्रकार,मुकेश ओझा,शांतनु तिवारी,सोनू तिवारी,प्रकाश तिवारी के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी में परिवर्तन

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम को शांति पूर्ण और निष्पक्ष रुप से संपन्न कराने सेक्टर अधिकारी तैनात किये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड क्रमांक 7,ग्राम पंचायत हिलौंध और गुढ़ा के सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी परिवर्तन करते हुये नवीन सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये हैं। जारी आदेशानुसार मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड क्रमांक 7 के लिये सहायक यंत्री केपी सिंह, नागौद जनपद की ग्राम पंचायत हिलौंधा के लिये परियोजना अधिकारी इंद्रभूषण तिवारी तथा उचेहरा जनपद की ग्राम पंचायत गुढ़ा के लिये सीडीपीओ रविकांत शर्मा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। सेक्टर अधिकारियों के साथ एक-एक चिकित्सा अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 के लिये जारी कार्यक्रमानुसार पंच और सरपंद पदों का मतदान 5 जनवरी को होगा। जिले में पंचायत उप निर्वाचन संपन्न कराने सेक्टर अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं मतदान दल 4 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे जनपद पंचायत मुख्यालय से मतदान केंद्र के लिये प्रस्थान करेंगे।



पेट्रोल पंपों में भी लगी रही लाइन

# ड्राइवरों की हड़ताल से नागरिकों की बढ़ने लगी है मुश्किलें

**सतना।** नई मोटर कानून को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। मंगलवार को भी ट्रक,बस तथा आटो चालक हड़ताल पर रहे। हड़ताल से यात्रियों को जहां वाहन नहीं मिलने से भारी परेशानी उठानी पड़ी,वहीं पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी लाइनें देखी गयीं। वाहन चालकों ने कई जगह प्रदर्शन करते हुये जाम लगाने की कोशिश भी की।







जानकारी के मुताबिक बस,ट्रक तथा आटो चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान न तो कोई बस चली,और न ही ट्रकों से परिवहन हुआ। आटो चालकों ने भी हिट एण्ड रन को लेकर बनाये गये नये कानून के विरोध में दूसरे दिन आटो नहीं चलाये। जिससे यात्रियों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों से सतना उतरे यात्रियों को गंतव्य तक जाने के लिये आटो नहीं मिले। लिहाजा उन्हें प्राइवेट ट्रैक्सी करनी पड़ी। आटो,बस चालकों की हड़ताल से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को भी वाहन नहीं मिले,जिससे उनकी तकलीफ बढ़ गयी।

### विरोध प्रदर्शन कर जाम लगाने का प्रयास

हड़ताली वाहन चालकों ने कई विरोध प्रदर्शन करते हुये सड़क जाम करने की कोशिश की। सतना कृषि उपज मंडी के पास वाहन चालकों ने प्रदर्शन कर सड़क जाम करने की कोशिश की। जाम लगाने के पूर्व पुलिस वहां पहुंच गयी और हड़तालियों को वहां से खदेड़ दिया। इसी तरह सोहावल मोड़ और कोठी के पास भी ट्रक चालकों के प्रदर्शन करते हुये सड़क जाम करने की कोशिश की खबरें हैं। हालांकि शहर में डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति बाधित नहीं है,बावजूद इसके पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। लोग हड़ताल के डर से अपने पास पेट्रोल-डीजल पर्याप्त रखने की वजह से भी लाइनों में लगे रहे।

### पुलिस कंट्रोल रूम मे आयोजित हुई बैठक




जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की पुलिस कंट्रोल रूम में बस तथा ट्रक आपरेटरों और टैक्सी आटो चालकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आवश्यक सेवाओं की पूर्ति तथा हड़ताल के संबंध में चर्चा की गयी। इस मौके पर अपर कलेक्टर ऋषि पवार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह,एसडीएम सिटी नीरज खरे,एसडीएम ग्रामीण एसके गुप्ता,आरटीओ संजय श्रीवास्तव,सीएसपी महेन्द्रसिंह तथा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तथा वाहन यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में हड़ताल के चलते आवश्यक सेवाओं पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव से निपटने तथा वाहन यूनियन से इस पर सहयोग करने के लिये कहा गया। बताया जाता है कि उपस्थित सभी वाहन यूनियन के पदाधिकारियों ने आवश्यक सेवायें बाधित न हों इसके लिये सहयोग करने पर अपनी सहमति जताई।

# मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी हड़ताल, मप्र ड्राइवर महासंघ इकाई मैहर ने सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद बनायी गयी हिट एंड रन पोलिसी का देश भर में विरोध किया जा रहा है। उक्त कानून के विरोध एवं अन्य मांगो को लेकर मध्यप्रदेश ड्राइवर महासंघ के आवाहन पर म.प्र.ड्राइवर महासंघ इकाई मैहर सहित पूरे प्रदेश भर के ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं तथा मांगे न पूरी होने तक हड़ताल जारी रहने की बात कही। यदि इसी प्रकार ड्राइवरों की हड़ताल जारी रही तो आने वाले समय में पेट्रोल डीजल के साथ ही अन्य आवश्यक सामग्रियों की किल्लत भी होगी तथा आम जनता की मुसीबत बढ़ेगी। देखना होगा कि कब तक इस समस्या का समाधान निकल पाता है तथा यह हड़ताल समाप्त हो पाती है। मंगलवार को मध्यप्रदेश ड्राइवर महासंघ इकाई मैहर ने मैहर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगे रखीं।

### यह हैं 12 सूत्रीय मांगे

मैहर के सभी ड्राइवरों ने ज्ञापन के माध्यम से 12 सूत्रीय मांगे रखी जिनमे सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून को वापस लिए जाने। जन साधारण द्वारा आक्रोश का शिकार हो रहे ड्राइवर के लिए स्वतंत्र धारा किया जाय। गाड़ियों के लिए पार्किंग एवं ड्राइवरों के लिए विश्राम गृह एवं शौचालय की व्यवस्था प्रति 100 या 50 कि.मी. में की जाने, 55 वर्ष की आयु के बाद पेंशन योजना शुरु किये जाने। दुर्घटना से ड्राइवर की मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये बीमा राशि निश्चित किये जाने एवं दुर्घटना के समय अपंग होने पर 10 लाख रुपये एवं इलाज के लिए 05 लाख रुपये निश्चित किये जाने। ड्राइवरों को द्वितीय श्रेणी सैनिक मान्यता। ड्राइवरों को आवास योजना के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किये जाने। ड्राइवरों के बच्चों के लिए सरकार द्वारा उच्च शिक्षा की व्यवस्था। ड्राइवरों को राजमार्ग पर प्रशासन द्वारा प्रताडित न किये जाने। लाइसेंस के लिए सरकार द्वारा जो 15 हजार रुपये रखा गया है उसे कम किया जाय ताकि गरीब स्तर के ड्राइवर भी लाभ प्राप्त कर सके। 1 सितम्बर को ड्राइवर दिवस की घोषणा किये जाने तथा सरकारी रेट अनुसार ड्राईवरों का वेतन निर्धारित किये जाने की मांगों का ज्ञापन सौंपा।

### जनता की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

12 सूत्रीय मांगों के पूरा न होने पर मध्यप्रदेश ड्राईवर महासंघ इकाई मैहर ने प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार मांग पूरी न होने तक शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया है। जिससे आम जन की मुश्किलें बढ़ने की पूरी संभावना है। अब तक पेट्रोल डीजल की किल्लत झेल रहे आमजन आने वाले दिनों में सप्लाई चैन बाधित होने से फल,सब्जी सहित आवश्यक सामग्रियों की किल्लत झेलेंगे तथा सामग्रियों के दाम भी बढ़ने की संभावना है। प्रदीप सिंह,ओंकार पटेल,विद्यासागर पटेल,कामता प्रसाद,उमेश सिंह,राखी लाल सिंह,दिनेश सिंह,उमेश रजक लेखराज पटेल,राजेश गौतम सहित अनेक ड्राइवरों ने ज्ञापन सौंपा

# सिन्धी समाज वृहद परिचय सम्मेलन 7 जनवरी को

**सतना।** सेन्ट्रल सिन्धी पंचायत सतना द्वारा महाराष्ट्र की राष्ट्रीय संस्था अखण्ड सिन्धी सेवा फाउण्डेशन के सहयोग से सतना में आगामी 7 जनवरी को वृहद परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी परिचय सम्मेलन के संयोजक कन्हैयालाल कामदार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को दी। सेन्ट्रल सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनोहरलाल बाधवानी एवं महामंत्री मनोहरलाल आर्तानी ने बताया कि परिचय सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इस वृहद कार्यक्रम हेतु संस्था ने अपने जागरुक सदस्यों के सहयोग से अभी तक 91 कन्याओं का रजिस्ट्रेशन करने में सफलता प्राप्त कर ली है। जबकि इसके पूर्व लड़कों के रजिस्ट्रेशन कन्याओं के रजिस्ट्रेशन की संख्या से कई गुना अधिक होते थे। श्री कामदार ने बताया कि वृहद परिचय सम्मेलन हेतु परमपिता परमात्मा के आशीर्वाद के साथ समाज का भरपूर सहयोग




प्राप्त हो रहा है। जिसकी बदौलत आज संस्था ने नामुमकिन कार्य को मुमकिन करने का प्रयास किया है। इस परिचय सम्मेलन में सिन्धी समाज के देश के अलावा विदेश में रहने वाले बच्चों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया है। परिचय सम्मेलन में विविध वर्ग के कन्याओं एवं वरों को शामिल किया गया। जिसमें सभी उम्र के बच्चे,कम पढ़े-लिखे,ज्यादा पढ़े-लिखे,विधवा,विधुर,तलाक शुदा सभी शामिल हैं। 7 जनवरी को विन्ध्या मैरिज गार्डन रीवारोड में प्रतिभागी एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में परिचय सम्मेलन संपन्न होगा। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष मनोहरलाल वाधवानी, राजकुमार आहुजा, मनोहरलाल आरतानी, रूपेश वलेचा आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम मैहर ने धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण



**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मैहर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के संबंध में दिये गये निर्देशों के अनुसार मंगलवार को एसडीएम मैहर सुरेश जादव ने मैहर के धानउर्पाजन केंद्रों में चल रही धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री जादव ने खरीदी केंद्र रिगरा जरियारी और भेंडा का निरीक्षण करते हुये उपार्जन कार्य का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित एएफक्यू के अनुसार ही धान खरीदने के निर्देश दिये।

# जनसुनवाई में 13 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई


**सतना।** सतना जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ऋषि पवार एवं डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 13 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर आवेदक जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर की जनसुनवाई में प्राप्त हुये 21 आवेदन

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने 21 आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई की। आवेदकों से शिकायतों के प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुये निराकरण के लिये संबंधित




अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनकर्ताओं को शिकायत का निराकरण हो जाने का आवश्वासन दिया। इस मौके पर एसडीएम मैहर सुरेश जादव,सीईओ प्रतिपाल बागरी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम सोनवारी के आवदेनकर्ता भगवान दीन ने बताया कि अपने खेत में मवेशी चराने के दौरान विद्युत मंडल के कर्मचारियो ने प्रकरण पंजीबद्ध कर दिया है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी को मामले की जांच सौंपते हुये भगवानदीन के प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम घुनवारा की दुलारी बाई साहू द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई कि आशा देवी और संजू साहू ने प्रताड़ति करते हुये घर से निकाल दिया है। जिसे देखने वाला उसका कोई नहीं है। जिस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार को तत्काल जांच करने और मामले का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए आदेशित किया गया।



### राज्यमंत्री कृष्णा गौर आज मैहर आयेंगी

**सतना।** प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्री प्रभारी) श्रीमती कृष्णा गौर 3 जनवरी को जबलपुर से प्रस्थान कर रात्रि 9:30 बजे मैहर पहुंचेगी और रात्रि विश्राम करेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री श्रीमती गौर 4 जनवरी को प्रातः मैहर मंदिर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगी और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इसके उपरांत रात्रि 9:18 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिये रवाना होंगी।

**म.प्र. जन अभियान परिषद**
**(योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,म.प्र.शासन)**
**कुटुम्ब न्यायालय के पास,सिविल लाईन सतना(म.प्र.)**

क्रमांक/जअप/नवां/24/11 — सतना,दिनांक 02.01.2024

**विज्ञप्ति**

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सतना में नवांकुर योजानांतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु विकासखण्ड रामपुर बाघेलान एवं उचेहरा में 1-1 स्वैच्छिक संस्थाओं का चयन किया जाना है। चयनित संस्था को परिषद द्वारा प्रतिवर्ष अनुदान राशि रू 1.00 लाख की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर लीड स्वैच्छिक संस्था के रूप में विकसित किया जाना है ।

चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर चयन किया जाएगा। आवेदन फार्म म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय नियर कुटुम्ब न्यायालय सिविल लाईन सतना से प्राप्त कर पूर्णतया भरे आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित दस्तवेजों सहित दिनांक 08 जनवरी 2024 समय 05.00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे।

जिला समन्वयक
म.प्र. जन अभियान परिषद
जिला,सतना (म.प्र.)



# 6 जनवरी को होगा भव्य श्री श्याम संकीर्तन

निकाली जाएगी भव्य निशान यात्रा

**मैहर।** श्रीश्याम भक्त मंडली मैहर द्वारा 6 जनवरी को सांयः 7 बजे से स्थानीय पटेल मैरिज गार्डन में श्री खाटू श्याम भगवान का भव्य कीर्तन आयोजित किया जा रहा है जिसमें भोपाल से आ रहीं भजन प्रवाहिका नम्रता कुशवाह तथा इटारसी के श्याम लाडले कनक मयंक की जोड़ी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा का दिव्य दरबार सजेगा तथा पावन ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा के साथ ही श्री श्याम को छप्पन भोग भी लगाए जाएंगे। इसके पूर्व गाजे बाजे के साथ सुबह 11 बजे से माँ चंडी देवी मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी जो घंटाघर एवं कटरा बाजार होती हुई वापस चंडी देवी मंदिर में समाप्त होगी।श्री श्याम भक्त मंडली मैहर के अंजलि-अमित खरे,गौरव-प्रिया निगम एवं भाविका-अखिलेश अग्रवाल ने सभी नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम यशस्वी योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी

**पन्ना।** भारत सरकार की पीएम यशस्वी योजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 75 हजार रूपए से 1 लाख 25 हजार रूपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा आज

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 03 जनवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा सहित समूह व एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति और शालाओं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा भी की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### लोक सेवा केन्द्रों का पीपीपी मोड में होगा संचालन

**पन्ना।** जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी अंतर्गत जिले के चार लोक सेवा केन्द्रों देवेन्द्रनगर, अमानगंज, गुनौर और रैपुरा का पीपीपी मोड में संचालन एवं संधारण के लिए ऑनलाइन माध्यम से संचालकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए एमपी टेण्डर्स पोर्टल पर गत 15 दिसम्बर को ऑनलाइन निविदा जारी की गई है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 निर्धारित है। 17 जनवरी को तकनीकी निविदा खोली जाएगी, जबकि 28 फरवरी को लोक सेवा केन्द्र संचालकों का चयन किया जाएगा। इसके पूर्व तकनीकी निविदाओं का परीक्षण कर वित्तीय निविदा खोली जाकर तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाएगा।

### मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का मौका

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने जानकारी दी कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

### शिशु गृह में निवासरत बालक को गोद लिया



**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति पन्ना के आदेश से शिशु गृह में विगत 13 जुलाई से निवासरत बालक अरूण (परिवर्तित नाम) को दत्तक ग्रहण पर भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। माता सरोज एवं पिता राजेश (बदले हुए नाम) ने आवश्यक कार्यवाही व प्रक्रिया पूर्ण कर बालक को गोद लिया है। इसके लिए भावी दत्तक माता-पिता द्वारा केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अभिकरण पोर्टल पर 10 जनवरी 2020 को ऑनलाइन आवेदन किया था। विगत 5 अक्टूबर को आवेदन अनुसार अनुष्का शिशु गृह पन्ना में निवासरत बालक को रेफरल एवं रिजर्व किया गया। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 41 के तहत अनुष्का शिशु गृह पन्ना विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण के रूप में पंजीकृत संस्था है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने बताया कि दत्तक ग्रहण समिति द्वारा 30 अक्टूबर को भावी दत्तक माता-पिता के दस्तावेजों का परीक्षण व सत्यापन के उपरांत बालक को माता-पिता के संरक्षण में पालन पोषण पूर्व देखरेख पर दिया गया था। एडॉप्शन प्रक्रिया के अंतिम निराकरण के लिए प्रकरण जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष 10 नवम्बर को प्रस्तुत किया गया।

---

### बृजपर थाना प्रभारी बखत सिंह

# तिरंगा लेकर 32 किमी दौड़कर युगल किशोर मंदिर में मनाया जन्मदिन

**जज्बा हो तो स्वयं ही यादगार वक्त को बनाने के लिये ऐसे उदाहरण स्वयं से अपने पलों के स्वर्णिम समय को लेकर बनाने की दिशा युवाओं के लिये प्रेरित किया**

जिले के पुलिस विभाग में जिसे नायाब हीरा के रूप में थाना प्रभारी बृजपुर बखत सिंह ठाकुर का नाम वैसे भी समाज की भावी पीढी के भविष्य निर्माण को लेकर जानी जाती है।



**पन्ना।**

वहीं थााना बृजपुर को भी आई.एस.ओ. अवार्ड भी आपकी कार्यप्रणाली व तत्कालीन एस.पी. धर्मराज मीणा के मार्गदर्शन में मिल चुका है साथ ही अब प्रभारी नहीं अब तो उप निरीक्षक से कार्यवाहक निरीक्षक के रूप में जिन्हें प्रमोशन से भी नवाजा गया, वहीं विगत दिवस नव वर्ष के पहले दिन जहां आपका जन्मदिन के रूप में पन्ना की सड़क व नगर मंदिर सभी गवाह बने बृजपुर थाना क्षेत्र के गजना धरमपुर के पास से बृजपुर लक्ष्मीपुर होते हुये पन्ना नगर में प्रवेश किया। अजयगढ़ चौराहा बल्देव जी मंदिर, कोतवाली चौराहा, गांधी चौक होते हुये तिरंगा लिये दौड़ की मिशाल देश भक्ति जनसेवा के रूप में थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर ने जहां किशोर जी मंदिर पहुंचकर अपने जन्मदिन को स्वयं ही केक काटकर भगवान के सामने साक्षी के रूप में आगे के जीवन के आर्शीवाद को लेकर जाना गया। वहीं युवाओं के लिये प्रेरणादायी संदेश आपके द्वारा दिया गया।

जिले के पुलिस विभाग में थाना प्रभारी बृजपुर बखत सिंह ठाकुर जिनकी कार्यप्रणाली सादगी व जीवन को खुशहाल बनाने के लिये जानी जाती है। यहां आपने जिले की भावी पीढी के भविष्य निर्माण को लेकर भी जो मिशाल कायम की है अपने कार्यकाल में थाना बृजपुर की पुरानी बिल्डिंग में आधुनिक लाइब्रेरी मुफ्त में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने को लेकर वहीं कंपटीशन आदि के लिये भी प्रेरणा स्त्रोत के रूप में दिशा तय की। साथ ही साइकिल से तो कई बार थाना क्षेत्र व बृजपुर थाना से लेकर पन्ना तक आना इनके लिये आम बात थी वहीं इस बार नये वर्ष में आपका जन्मदिन यादगार के रूप में लम्हे या वक्त को स्वयं ही मिशाल के रूप में कायम करने के लिये तिरंगा हांथ में लिये देश भक्ति जनसेवा का जज्बा स्वयं आपने थाना बृजपुर क्षेत्रान्तर्गत गजना धरमपुर से अपनी तिरंगा दौड़ का आगाज किया। वहीं बृजपुर, रक्सेहा, लक्ष्मीपुर होते हुये पन्ना जिला मुख्यालय अजयगढ़ चौराहा पहुंचे। दौड़ते हुये नगर में बल्देव जी मंदिर, कोतवाली चौराहा, गांधी चौक होकर किशोरजी मंदिर में पहुंचकर तिरंगा दौड़ यात्रा का समापन हुआ। जहां भगवान युगल किशोर जो पन्ना के राजा माने जाते है जिन्हें साक्षी मानकर अपने जन्मदिन का केक तो कटा ही साथ ही आर्शीवाद ग्रहण करके भावी जीवन के निर्माण को लेकर भगवान की कृपा चाही। यह जन्मदिन इस अनोखे अंदाज में थाना प्रभारी बृजपुर बखत सिंह ठाकुर ने स्वयं अपने पलों को यादगार बना दिया। वहीं खुशी भी है तो गम भी एक कर्तव्य परायण देश भक्ति जनसेवा को लेकर पुलिस विभाग का नायाब हीरा के रूप में जो हमारे जिले में जाना जाता है इनका अभी हाल में ही उच्च पद प्रभार को लेकर उप निरीक्षक से निरीक्षक के रूप में भोपाल डी.एस.बी. शाखा पुलिस में स्थानान्तरण भी चर्चा में है। आपने इस तरह से जो जन्मदिन को आपने मनाकर मिशाल पेश की है तिरंगा हांथ में लिये लनगभग 32 कि.मी. की दूरी तय करके रिकार्ड पेश किया। वहीं युवाओं के लिये प्रेरणादायी संदेश भी आपके द्वारा दिया गया। जिसमें अपने जन्मदिन व नये वर्ष के रूप में भावी जीवन को स्वर्णिम दिशा देकर स्वयं ही सोने की तपाकर उज्जवल भविष्य को चमकाने के लिये प्रेरित किया जिसमें नव वर्ष के दिन पार्टी नहीं बल्कि अपने जन्मदिन को इस तरह से कुछ दौड़ के जीवन को स्वस्थ्य बनाने के लिये दिशा तय करें ताकि सबसे पहला शुख जीवन का स्वस्थ काया के रूप में अपने शरीर के निर्माण को लेकर स्वयं ही तय करें। इस तरह से सड़क दुर्घटनाओं को भी जो युवा आज के दिन सड़कों में निकलकर आमंत्रण देते है वह न देकर अपने जीवन को दुर्घटनाओं से बचायें साथ ही स्वस्थ्य जीवन के निर्माण को लेकर रन-फार-दौड़ वह भी देश प्रेम से ओत-प्रोत तिरंगे को हांथ में लेकर देश के लिये दौड़कर जीने का साहस जज्बे को सलाम ऐसे थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली जो अपने जन्मदिन के रूप में अलग ही मिशाल पेश की।

---

## मेले में सुरक्षा ही नहीं खुशियां का भी ख्याल रखती है पुलिस थाना प्रभारी पवई का अंदाज



**पन्ना।**

पवई नगर में सिद्ध स्थल मां कलेही व हनुमान भाटे के क्षेत्र में जहां मेले का आयोजन था वहां मेले में बच्चों को खिलौने व गुब्बारे थाना प्रभारी ने मुफ्त में स्वयं की राशि से बच्चों को दिलाये जिससे बच्चों की खुशियां मेले में दुगनी हुई, चर्चा का विषय थाना प्रभारी की सोच

पुलिस सुरक्षा को लेकर दायित्व निभाती है मेलों के आयोजन में पर पवई नगर में एक अनोखी दास्तां देखने में आई जहां मां कलेही व हनुमान भाटे के मेला प्रांगण में जब थाना प्रभारी पवई सुधीर कुमार बेगी जो मेले में आये हुये बच्चों को खिलौने व गुब्बारे मुफ्त में दिला रहे थे अपने स्वयं के पैसे से यह अंदाज मीडिया ने जहां अपनी खबर की दिशा में ले लिया। कहीं न कहीं बच्चों की खुशी को लेकर पुलिस थाना पवई के थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी की सोच अलग ही जानी जाती है। इनका कार्य हरफन मौले के रूप में कह सकते है क्योंकि जरूरतमंदों की मदद को लेकर जो इनकी कार्यप्रणाली पहले से ही जानी जाती है जिनके कई कार्य स्वयं ही उदाहरण है जिन्होंने पैर गवां दिये उन्हें कृतिम पैर अपने पैसे लगाकर जीवन में चलने के लिये दिशा तय कर दी वहीं जिनके घरों की छत तूफानों में उड़ जाये उनकी घर की छत स्वयं कार्य करके पुलिस की मदद की अलग छवि कायम की वहीं दुख के समय या जरूरत के समय इन्हें याद करने को कई लोगों को मदद मिली जो उदाहरण है। यहां तो मेले में बच्चों की खुशी को लेकर इनकी स्वयं की सोच खिलौने व गुब्बारे दिलाकर बच्चों के जीवन की खुशी मेले में दुगनी हो जाये उसको लेकर ये खुशियां सोच को लेकर साबित कर रही है। आखिर जिस तरह से माता-पिता अपने बच्चों को मेले में खिलौने दिलाते है यहां तो थाना प्रभारी गरीब बच्चों को खिलौने व गुब्बारे दिलाते हुये देखे गये आखिर तभी तो चर्चा में आ गये यहां पुलिस मेले में सुरक्षा के साथ-साथ खुशियां बढ़ाने का कार्य करने को लेकर जानी गई।

## हड़ताल से सड़कों के सूने हालात वहीं आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित

**दो दिवस बीतने को चले सड़कों में अब यात्री बसें तक सुविधा नहीं, आम आदमी को परेशानी के हालात जिम्मेदारों की चुप्पी आखिर कब होगी हड़ताल खत्म**



**पन्ना।**

जब हड़ताल करने के पहले हड़ताल करने वाले सूचना बतौर प्रशासन को अपना संदेश पहुंचाते है फिर भी उसे संज्ञान में नहीं लिया जाता यहां सरकार के कानून का विरोध जो अलग अंदाज में हड़ताल को लेकर ट्रक व बस चालकों के द्वारा अंजाम दी गई है। दो दिवस बीतने को चले सड़कों में वाहन नहीं यानि की यात्री बस नहीं चल रही है जिसके चलते आम आदमी को अच्छी खासी परेशानी के हालात कायम हो चुके है वहीं जिम्मेदारों की चुप्पी चर्चा का विषय बनी हुई है आखिर कब हड़ताल खत्म होगी। वहीं इससे जुड़े हुये हालात डीजल-पेट्रोल का खात्मा जिसके चलते आगे की परेशानियां जरूरत का सामान समय पर लोगों को केसे नसीब होगा। हड़ताल के कारण जहां आम आदमी की जिंदगी पहिये रूकने के कारण प्रभावित हो रही है वहीं सूत्रों की मानें तो माननीय उच्च न्यायालय ने सरकार को हड़ताल को लेकर कार्यवाही व दायित्व निर्वाहन को लेकर भूमिका के लिये अपना संदेश दिया है। अब देखना यह है कि सबकी नजर हड़ताल को लेकर कब खत्म होगी हड़ताल जिससे पूर्व की तरह आम आदमी की जिंदगी प्रतिदिन जो स्वयं दौड़ को लेकर जानी जाती है। वह जानी जाये आम आदमी को परेशानियों से मिले निजात आवागमन हो सुलभ कानून का विरोध इस तरह से जो किया जा रहा है वह सरकार के जिम्मेदार कब इन्हें समझाने को लेकर सफल हो पायेंगे या होगी कार्यवाही की दिशा तय यह तो वक्त ही तय करेगा जिसका है सबको इंतजार।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के मुख्य अतिथि में संपन्न

**गुनौर विधायक राजेश बर्मा ने देवेंद्रनगर तहसीलदार राजमणि बागरी को जमकर लगाई फटकार**



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर एक कार्यक्रम रखा गया था जिसके मुख्य अतिथि गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा रहे वही कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया तत्पश्चात सभी अथितियों का स्वागत बंदन किया गया वही कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए जो कि लोगों के मन को मोहिती रही वही कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी बताई वही गुनौर विधायक द्वारा मोदी जी की गारंटी व विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में अपने उद्बोधन दिए गए वहीं उनके द्वारा यह भी कहा गया कि जो भी हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनों से वंचित रह गये है तो उन्हें इस संकल्प यात्रा के दौरान सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएं किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो इसके लिए भी मौके पर सभी अधिकारियों की मौजूदगी में सामुदायिक भवन देवेंद्र नगर पर स्टाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही थी और लोग अपने लिखित में आवेदन दे रहे थे वही गुनौर विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए लोगों को और लोगों को आफिस के चक्कर नहीं काटने पड़े वही कार्यक्रम के अंत में जाते समय एक हितग्राही द्वारा देवेंद्र नगर तहसीलदार के शिकायत की तो गुनौर विधायक ने मौके पर ही तहसीलदार को जमकर लगाई फटकार कहा कि तत्काल इनकी समस्या का निराकरण किया जाए वहीं कार्यक्रम के इस अवसर पर गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डाक्टर राजेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, हीराजी पटेल मंडल अध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा देवेंद्र नगर तहसीलदार राजमढ़ी बागरी नगर परिषद सीएमओ राम शिरोमणि त्रिपाठी इंजीनर एमएस बुंदेला एवं पार्षद गण और भाजपा नेता और हितग्राही सहित पत्रकार मौजूद रहे।

## जो जिम्मेदार संकल्प यात्रा में अनुपस्थित रहे उनको कार्यवाही के लिये पवई विधायक ने सख्त लहजे में दिया संदेश

**पन्ना।**



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य संकल्प यात्रा के रूप में देश के कोने -कोने की जनता को जहां शासकीय योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही प्राप्त हो सके ऐसे लक्ष्य के साथ संकल्प को लेकर संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जहां बखूबी जिला प्रशासन के मुखिया के मार्गदर्शन में दिनांक भी निश्चित होते है कहां जायेगी यात्रा आज फिर भी अधिकारी या कर्मचारी अगर शामिल नहीं होते तो संकल्प यात्रा का लाभ आम जनता को कैसे कियान्वयन के रूप में मिलेगा। बड़ा सवाल था जहां पवई विधानसभा की ग्राम पंचायत पलोई में संकल्प यात्रा में जो जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचे उन्हें कार्यवाही को लेकर संदेश स्व्यं पवई विधायक ने मीडिया के सामने अपनी विचारधारा से व्यक्त किया।

जब जनता के बीच जनप्रतिनिधि पहुंचते है तो जनता ही उनके लिये सब कुछ होती है जनता के आर्शीवाद से पवई विधायक प्रहलाद लोधी दूसरी बार विधायक बने वहीं आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ समय के साथ मिले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य सरकार की योजनाओं का लाभ देश की जनता को उनके गांव में ही घर तक ही पहुंचे। ऐसी संकल्प को लेकर संकल्प यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर हरजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में जहां कार्यक्रम एक दिन पहले भी सभी को जानकारी के रूप में विदित होता है बखूबी दिनांक तथा स्थान संकल्प यात्रा पहुंचने का बताया जाता है फिर भी स्वयं जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी जब नदारत रहेंगे तो फिर आम जनता को कैसे संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को लाभ मिलेगा बड़ा सवाल है। वहीं पवई विधायक प्रहलाद लोधी पवई विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पलोई पहुंच गये हिवकसित संकल्प यात्रा में जहां जो अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचे उनको लेकर विधायक ने नाराजगी तो व्यक्त की ही साथ ही मीडिया के सामने सवालों का जवाब देते हुये आपने ऐसे जिम्मेदारों को लेकर आड़े हांथों लेते हुये कार्यवाही कराये जाने को लेकर संदेश दिया है अब देखना यह है कि अब आगे होता है क्या। क्या विधायक के इस संदेश को लेकर सुधार की दिशा तय होती है कि नहीं आखिर इन पर क्या कार्यवाही तय होगी यह तो वक्त ही बतायेगा।


## कलेक्टर ने आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।**

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संघ प्रिय द्वारा सभी एसडीएम को विभिन्न ट्रांसपोर्ट कम्पनी संचालक, वाहन चालक संघ, पेट्रोल पम्प संचालकों और गैस संचालकों द्वारा भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के संबंध में प्रस्तुत ज्ञापन के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कानून व्यवस्था की मॉनीटरिंग और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति के संबंध में जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए सतत निगरानी रखने और निर्धारित कार्यवाही के संबंध में कार्यवाही संपादित करने सहित प्रत्येक दिवस वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। अजयगढ़, पन्ना, गुनौर, पवई और शाहनगर के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को सभी वाहन चालक, ट्रांसपोर्ट, पेट्रोल पम्प, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, बस, गैस कम्पनी संचालक के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के पालन की समझाइश देने, पेट्रोल-डीजल टैंकरों को अनावश्यक नहीं रोकने के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने, सभी पेट्रोल पम्प में पेट्रोल व डीजल की भण्डार की पर्याप्त व्यवस्था की कार्यवाही सुनिश्चित कर आम नागरिकों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, यात्री वाहनों के मालिकों के साथ समन्वय कर यात्री बसों का संचालन बंद न करने सहित आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे वाहनों और निजी वाहनों को किसी के द्वारा अनावश्यक रोकने का प्रयास न करने की कार्यवाही के संबंध में कहा गया है। इसके अलावा सभी एसडीएम को उपार्जन कार्य में लगे परिवहन वाहनों को किसी के द्वारा अनावश्यक न रोकने, गैस कम्पनियों के माध्यम से गैस सिलेण्डर की सुचारू रूप से आपूर्ति जारी रखने और किसी संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन के माध्यम से आपूर्ति बाधित करने संबंधी प्रयासों की कड़ी निगरानी करने के लिए भी कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन से लापता युवक का नहर के पिलर में फंसा मिला शव



**लवकुशनगर।** थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी अक्टोहा अंतर्गत उर्मिल नदी के सिंहपुर बांध से निकली नहर के बगमऊ तिगैला के पास नहर के पिलर में सोमवार की शाम युवक का शव नहर के बीच में बने पिलर में फंसा हुआ मिला। मामले की सूचना मिलने पर लवकुशनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है क्योंकि यह शव फूलकर पानी में उतराने लगा था। शव के पानी से बाहर निकलने के बाद जूतों, कपड़ो और हाथ मे लिखे शब्दों से उसकी पहचान ग्राम बगमऊ निवासी कुंदन तनय दस्सी अहिरवार आयु करीब 22 वर्ष के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि कुंदन बुधवार की सुबह से लापता था परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर वाहन के माध्यम से मृतक के शव को लवकुशनगर लाया गया। पुलिस ने मामले को विवेचना में ले लिया है। मौत के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिन पूर्व चरवाहे की डूब जाने से मौत हो गई है। 10 दिन के भीतर नहर में दूसरा शव मिला है।

### परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने संभाला कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) का पदभार

**सिंगरौली।** राष्ट्र के विशालतम विद्युत संयंत्र विंध्याचल में श्री ई सत्य फणि कुमार नें पदोन्नति के उपरांत कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) का पदभार ग्रहण किया। श्री ई सत्य फणि कुमार इससे पूर्व एनटीपीसी विंध्याचल में ही बतौर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के रूप में पदस्थ थे। श्री ई सत्य फणि कुमार ने जुलाई 1988 में आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम से ईलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग मे बी. टेक. करने के बाद फरवरी 1989 में कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप मे पीएमआई नोएडा में प्रारंभिक प्रशिक्षण किया। तत्पश्चात श्री ई सत्य फणि कुमार ने मार्च, 1990 में एनटीपीसी रामगुंडम थर्मल पावर प्लांट से अपने कैरियर की शुरुवात की। रामगुंडम में 28 वर्ष की सेवा देने के बाद एनटीपीसी की लारा परियोजना के विभिन्न विभागों मे अपनी उल्लेखनीय सेवाएँ दीं।

#### कार्रवाई के बाद ठेकेदार ने किया काम बंद

# एसडीएम ने मंडी के गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर कार्रवाई करने मंडी बोर्ड को लिखा पत्र

**नौगांव।** कृषि उपज मंडी में गुणवत्ताहीन मैटेरियल से चल रहे निर्माण कार्य पर अब एसडीएम विशा माधवानी ने सख्ती दिखाते हुए एक्शन लिया है। एसडीएम माधवानी ने मंडी निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता पर मंडी बोर्ड भोपाल को पत्र लिखकर कार्यवाई करने की मांग की है, तो वहीं एसडीएम को सख्ती के बाद ठेकेदार ने बीते तीन दिनों से काम बंद कर दिया है। एसडीएम विशा माधवानी ने कृषि उपज मंडी में 3 करोड़ की राशि से चल रहे निर्माण कार्य का पिछले दिनों निरीक्षण कर मैटेरियल को गुणवत्ता जानी। जिस पर मौके पर मिले मंडी बोर्ड के उपयंत्री मुकुट बिहारी पाठक ने भी ठेकेदार के द्वारा अनुबंध अनुसार निर्माण सामग्री का न उपयोग करके मनमर्जी से सीमेंट में रेत की जगह डस्ट एवं मिट्टी युक्त मुरम का उपयोग कर निर्माण करने की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद एसडीएम माधवानी ने मौके पर मंडी बोर्ड के उपयंत्री मुकुट बिहारी पाठक सहित मंडी के कर्मचारियों से पंचनामा बनवाया। इसके बाद निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे मैटेरियल को लोक



निर्माण विभाग से जांच कराने के निर्देश दिए थे। अब एसडीएम माधवानी ने 29 दिसंबर 2023 को संयुक्त संचालक राज्य कृषि विपरण बोर्ड सागर को पत्र लिखकर मंडी में चल रहे गुणवत्ताहीन मैटेरियल के निर्माण, बिना उपयोग हुए जर्जर पहुंच सड़क एवं पहले बने भवन सहित टीनशेड को गुणवत्ताहीन होने पर कार्रवाई करने पत्र लिखा है।

### एसडीएम की कार्रवाई के बाद ठेकेदार ने किया काम बंद

मंडी में चल रहे गुणवत्ताहीन काम को लेकर एसडीएम ने कार्यवाही कर पत्र लिखा मंडी बोर्ड को, उसके बाद ठेकेदार ने किया काम बंद।आरोप थे कि हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी जतारा के ठेकेदार गोविंद गुप्ता द्वारा घटिया स्तर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी जानकारी एसडीएम विशा माधबानी को लगी तो वह मौके पर पहुंची। जहां मौके पर न तो ठेकेदार ना ही कोई सुपरवाइजर पाया गया। निर्माण कार्य में मिली अनिमियताओ को देख एसडीएम ने मंडी बोर्ड के सब इंजीनियर एम बी पाठक को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान सब इंजीनियर ने ठेकेदार द्वारा की जाने वाली मनमानी के बारे में बताया कि ठेकेदार द्वारा अनुपातिक रेत की जगह डस्ट का अधिक प्रयोग किया जा रहा है। कोर कटिंग नहीं की जा रही है। एम30 का प्रयोग न कर एम20 का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे थिगनिस नहीं आ रही है। अनुबंध में डस्ट न होने के बावजूद भी प्रयोग की जा रही है। सीमेंट का भी कम मात्रा में उपयोग किया जा रहा है। मुरम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिस पर साथ ही एसडीएम विशा माधवानी को भी मौके पर अनियमितता मिली जिस पर एसडीएम माधवानी ने ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जाति करते हुए संबंधित विभाग को नोटिस जारी कर करवाई करने की बात कही है। साथ ही गुणवत्ताहीन मैटेरियल के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

### गुणवत्ताहीन मैटेरियल का उपयोग करना किया स्वीकार

निरीक्षण के दौरान उपस्थित मण्डी कर्मचारी एवं नगरवासियों द्वारा बताया गया, कि नौगांव मण्डी में प्रचलित नवीन शेड (चबूतरा) निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहीन मैटेरियल उपयोग हो रहा है, जैसे बालू की जगह डस्ट-मिट्टी, सीमेण्ट की मात्रा सही अनुपात में नहीं है। मौके पर उपस्थित इंजीनियर मुकुट बिहारी पाठक भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा बताया गया कि, बालू का उपयोग अधिक मात्रा में होना चाहिए, लेकिन बालू की जगह निर्माण ऐजेन्सी ठेकेदार द्वारा बालू की जगह डस्ट 10 गुना ज्यादा उपयोग की जा रही है। इसी अनुकम में उपस्थित कर्मचारियों व नगरवासियों द्वारा बताया गया है, कि पूर्व में भी हरिओम कंस्ट्रकशन कंपनी जतारा द्वारा शेड व सी.सी. का निर्माण कराया गया था, जो निम्न गुणवत्ता का है, एवं केवल दो साल पहले बने सी.सी. व टीन शेड में दरारें व फर्श उखड़ा हुआ है। बेहद ही निम्न गुणवत्ता का निर्माण कार्य कराया गया है।

**इनका कहना है -**

मंडी बोर्ड के अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा है।

**विशा माधवानी, एसडीएम, नौगांव**

## पंचतत्व में विलीन हुए मीसाबंदी साधुराम मिश्रा

### अंतिम यात्रा में नहीं पहुँचे भाजपा नेता व पदाधिकारी

**हरपालपुर।** जिले में भाजपा के नींव के पत्थर कहे जाने वाले मीसाबंदी साधुराम मिश्रा का 90 वर्ष की आयु में सोमवार को अस्वस्थ्यता के चलते निधन हो गया था, मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर की कपास मिल कॉलोनी में स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकली, जिसमें जिले भर से लोग शामिल होने के लिए पहुंचे। मुक्तिधाम में उनके



दत्तकपुत्र द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई। गौरतलब है कि श्री मिश्रा के अंतिम संस्कार में जिले को कोई भी बड़ा भाजपा नेता शामिल होने नहीं पहुंचा। उनके जानने वाले बताते हैं कि जब कांग्रेस के शासनकाल में कोई जनसंघ का झंडा नहीं उठाता था तब साधुराम मिश्रा दबंगी से अपनी पार्टी के लिए काम करते थे। वर्ष 1975 में आपातकाल के समय वे छतरपुर जेल में करीब 19 माह तक बंद रहे थे। राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने और श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए साइकिल यात्रा करने वाले मीसाबंदी साधुराम मिश्रा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व सीएम उमा भारती सहित भाजपा के बड़े नेताओं के चहेते रहे।

## लोगों की सेवा करते हुए किया गया नए साल का स्वागत



**अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सनातन की महिला इकाई ने की पहल**

**छतरपुर।** जहां एक ओर ज्यादातर लोग होटलों और पर्यटन स्थलों पर जाकर नए साल का स्वागत कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सनातन छतरपुर की महिला इकाई द्वारा लोगों की सेवा करते हुए नए साल का स्वागत किया गया। संगठन की महिलाओं ने शहर की गरीब बस्तियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट किए। इसके साथ ही मातृशक्ति ने अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अखिल भातीय ब्राह्मण महासभा सनातन की प्रदेश संयोजक नम्रता शुक्ला, धीरज मिश्रा जिलाध्यक्ष, पिंकी शर्मा संरक्षक, नेहा मिश्रा सह सचिव, मीना दुबे उपाध्यक्ष, अनुराधा दिहुलिया, बिंदु मिश्रा, उमा मिश्रा, पूजा दुबे सोशल मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## दूसरे दिन भी थमे रहे ट्रक और बसों के पहिये




**छतरपुर।** केन्द्र सरकार के हिट एंड रन मामले में लागू किए गए नए कानून के विरोध में ट्रक और बस चालकों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिले के अलग-अलग स्थानों पर बस एवं ट्रक चालकों ने प्रदर्शन किया। बकस्वाहा में जहां चक्काजाम किया गया तो वहीं चंदला में चालकों ने मार्च निकाला। वहीं दूसरी ओर मालवाहक वाहनों के पहिए थमे होने के चलते जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले में पेट्रोलियम एवं सामग्री की कमी होने की खबरें सामने आईं। हालांकि कलेक्टर संदीप जी आर ने दोपहर में ही एक प्रेस नोट जारी कर इन खबरों को निराधार बताया और कहा कि जिले में सुचारू रूप से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति जारी रहेगी। इसके अलावा बसें न चलने के कारण सैकड़ों मुसाफिर परेशान होते रहे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को जैसे ही पेट्रोल-डीजल की कमी होने की जानकारी फैली वैसे ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। पंट्रोल पंप के कर्मचारी लोगों से चिंता न करने की बात कहते हुए पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करने की अपील करते रहे बावजूद इसके लोगों ने अधिक से अधिक ईंधन अपने वाहनों में भरवा लिया। वहीं दूसरी ओर इस आशय की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने शाम के वक्त ट्रांसपोर्टर, पेट्रोल पंप संचालकों एवं एलपीजी गैस संचालकों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल सहित अन्य सामग्री ट्रक के माध्यम से लाने वाले चालकों के लिए तत्काल कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य जिलों के मार्गों से गुजरने वाले वाहनों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, एसडीएम बलवीर रमन, डीएसओ सीताराम कोठारे उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

### अधिकारियों को वाहन चालकों के साथ बैठक करने के निर्देश -

बैठक में कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालक एवं ट्रांसपोर्टर के सामग्री लाने ले जाने वालो वाहनों को आने जाने में हो रही समस्याओं को सुना एवं सुझाव लिए। साथ ही डीजल पेट्रोल की उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल ड्राइवरों के लिए जो सामग्री लेकर आ रहे वाहनों को रास्ते में कोई समस्या न हो जिसके समाधान के लिए तत्काल कंट्रोल रूम बनाएं। सभी से समन्वय स्थापित करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने पेट्रोल डीजल वाहनों के संचालकों से रूट चार्ट मांगे। उन्होंने कहा जहां समस्या आएगी वहां पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिससे वाहन को अन्य जिलों से अपने जिले तक आसानी से आ सके। उन्होंने अन्य जिलों के प्रशासन से भी बात कर समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने डीएसओ को निर्देशित किया की सभी वाहन चालकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाए तथा आने वाली समस्याओ को तत्काल संज्ञान में लेकर निपटाएं। उन्होंने कहा आम जनता को कोई असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने अधिकारियों को वाहन चालकों के साथ भी बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बस एवं ट्रक संचालकों से कहा कि ड्राइवरों को जो समस्याएं हैं, लिखित में भेजे जिला स्तर पर जो संभव होगा समाधान किया जाएगा और संबंधित वरिष्ट अधिकारियों, विभागों एवं मंत्रालयों को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

## नए वर्ष में दिवंगत पुलिस कर्मियों के परिजनों से मिले एसपी

### बच्चों को दी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने की सलाह, परिवार की समस्याओं को जाना



**छतरपुर।** मंगलवार को नए वर्ष के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने गत वर्ष दिवंगत हुए जिले के पुलिसकर्मियों के परिजनों से, उनके आवास पर पहुंच कर भेंट की। परिवारों का हाल जानने के साथ ही पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के बच्चे, जो अनुकंपा में भर्ती किए गए उनसे, उनके भाइयों एवं बहनों उनसे मिलकर उनकी शैक्षणिक स्थिति के बारे में भी जाना। उन्होंने अनुकंपा में भर्ती हुए पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के साथ पढ़ाई कर आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी लेने की सलाह दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक श्री सांघी गंभीर बीमारी में उपचार के दौरान दिवंगत हुए प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह चौहान के सिविल लाइन आवासीय परिसर में स्थित आवास पर पहुंचे। उनके साथ एएसपी विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्वर्गीय श्री चौहान के परिजनों से मेडिकल बिल एवं अन्य फंड के बारे में जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारी, अभिलेख अधिकारी एवं कार्यालय को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। इसी प्रकार नगर पुलिस अधीक्षक छतरपुर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भी दिवंगत पुलिस कर्मियों के परिजनों से मिलकर संवेदनशीलता व्यक्त करते साहस के साथ आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया।

## अक्षत कलश लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा

### जगह-जगह हुआ स्वागत, सैकड़ों लोग हुए शामिल




**नौगांव।** भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पवित्र अक्षत कलश लेकर संपूर्ण जिले में शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नौगांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही और यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर के मंशा देवी मंदिर में पवित्र अक्षत कलश की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शोभा यात्रा नगर पालिका चौराहा, कोठी चौराहा, सैय्यद ब्रदर्स चौराहा, कल्याण चौक, रामा एण्ड कंपनी, मुसाफिर खाना होते हुए मौनी बाबा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री भंवर राजा, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, अभिलाषा शिवहरे, श्याम सुंदर अरजरिया पार्षद, भाजपा नेता सूरज देव मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, रवी रिछारिया, ममता यादव, अंजना राजपूत पूर्व पार्षद, राजेश यादव मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, कुलदीप यादव नगर कांग्रेस अध्यक्ष, राजेंद्र दीक्षित वरिष्ठ भाजपा नेता, राहुल साहू महा सचिव बुंदेल खंड दालमिल एसोसिऐसन सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल हुए।

## निर्मल वाणी से मिल सकती है हर कार्य में सफलताः बीके अवधेश



**छतरपुर।** इस नए वर्ष में नया संकल्प और कुछ नया करने का उमंग, उत्साह हमें अपने अंदर भरना है। निमित्त भाव, निर्माण भाव और निर्मल वाणी को जब हम जीवन में धारण करेंगे, तब हमारा हर कार्य सफल होगा, यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय किशोर सागर में आयोजित नए वर्ष के कार्यक्रम में भोपाल से पधारीं भोपाल जोन की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश बहन ने व्यक्त किये। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई जिसमें सभी भाई बहनों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यापारियों सहित एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य एस के उपाध्याय सहित सभी भाई बहनें एवं विश्वनाथ सेवा केंद्र प्रभारी बीके रमा, बीके रीना, रजनी, जया, संगीता बहन उपस्थित रहीं। इस मौके पर छतरपुर सेवा केंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने सभी को नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी एवं कहा कि यदि हमें कोई परिवर्तन लाना है तो उसकी शुरुआत पहले हमें स्वयं से करनी होगी तभी हम दूसरों को परिवर्तित कर पाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात सभी को ईश्वरीय प्रसाद एवं स्लोगन भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।

## भीमकुण्ड में डूबने से 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा अनुभाग के बाजना थाना क्षेत्र के तीर्थ स्थल भीमकुण्ड में 35 वर्षीय व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी रिजुशंकर चौरसिया 35 साल नये वर्ष के उपलक्ष्य में अपने परिवार के साथ तीर्थ स्थल भीमकुण्ड दर्शन करने आया हुआ था। रिजुशंकर भीमकुण्ड में नहाते वक्त डूब गया उसके साथ एक अन्य व्यक्ति डूबने वाला था जिसको वहां पर नहा रहे लोगों द्वारा बचा लिया गया है लेकिन रिजुशंकर को बचाने में नाकाम रहे।घटना की जानकारी लगते ही बाजना थाना प्रभारी मनोज गोयल, रानीताल चौकी प्रभारी मनीराम गोंड़, बक्स्वाहा तहसीलदार भरत पाण्डे पहुंचे और एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। एनडीआरएफ के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## हिट एंड रन : विधि व समय की मांग के अनुरूप

**रीवा ।** कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट ने कहा कि हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा लाया गया कानून पूर्णतः विधि व समय की मांग के अनुरूप है।



नशाखोरी देश में इस कदर व्याप्त है कि वे वाहन चलाकर हर वर्ष देश में लगभग 50 हजार से अधिक दुर्घटना के नाम पर प्रायोजित रूप से हत्यायें करते हैं किन्तु कानून की सिथिलिता की वजह से वे दण्ड से बच जाते हैं तथा जिस परिवार का एकलौता वारिस रोड़ पर तड़फता हुआ दम तोड़ देता है उस परिवार का आशियाना उजड़ जाता है। कानून के विरुद्ध वाहन चालको व मोटर मालिकों द्वारा की जा रही हड़ताल व चकाजाम वेहद शर्मानाक व दुर्भाग्यपूर्ण है जिनके सामने सरकार को झुकने की कोई भी जरूरत नहीं है उक्त कानून पुणतः विधिक होने के साथ समय की मांग के अनुरूप है। रामराज की परिकल्पना करने वालों को इस बात का विशेष ध्यान देना होगा कि हर कानून हर आम नागरिक की सुगमता व उनकी मन्शानुरूप नहीं होना चाहिए क्योकि वनवास जाते समय हर अयोध्यावासी की इच्छा थी कि भगवान राम वनवास न जाय किन्तु श्रीराम जी ने जनभावना को प्राथमिकता न देकर नीति व सिद्धान्तों को प्राथमिकता थी उसी तारतम्य में सरकार को भी हिट एण्ड रन के मामले में कानून में किसी भी प्रकार के परिवर्तन करने की तथा ड्राइवरो व वाहन मालिको के अनर्गल व अव्यवहारिक हड़ताल के समक्ष झुकने की आवश्यकता नहीं है।

## अलोप माता मंदिर से निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा



**मऊगंज।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्रभू की मूर्ति स्थापना होने जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में रामभक्तों को निमंत्रण देने हेतु भव्य श्रीराम अक्षत कलश यात्रा सोमवार,01 जनवरी को मऊगंज अलोप माता मंदिर से जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया द्वारा स्थानीय लोगो की उपस्थिति में निकाली गई। इस कलश यात्रा में भक्ति भाव से ओत प्रोत बड़े उत्साह में एड.संतोष सिंह सेंगर,शोभित सिंह,अतुल सिंह,बब्लू सिंह,सौरभ सिंह,प्रिंस सिंह,गोल्डी सिंह,मिंटू सिंह,अनिल कोल,श्याम लाल प्रजापति,सहित बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ बेटियां और महिलाएं भी शामिल हुई। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।विदित हो कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। यह आनंद उत्सव समूचे देशभर में मनाया जाएगा। जिसके लिए समूचे देशभर में बड़ा संपर्क अभियान अक्षत वितरण के माध्यम से चलाया जा रहा है। और रामभक्तों को निमंत्रण देने हेतु घर-घर जाकर अक्षत वितरित किया जा रहा है।

## दुर्घटना में मौत होने पर अश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**मऊगंज।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं । इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है ।अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फंड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी इसके स्थान पर हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

### हिट एंड रन कानून के खिलाफ में बस स्टैंड में पसरा रहा सन्नाटा

# ड्राइवरों की हड़ताल के दूसरे दिन रही अफरातफरी

**यात्री पैदल चलने में हुए मजबूर**

ड्राइवर उस हिट एंड रन से जुड़े कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसमें 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है। जिले में आज दूसरे दिन भी बस और ट्रक चालकों की हड़ताल लगातार जारी है। जिसकी वजह से रीवा के नए बस स्टैंड व पुराने बस स्टैंड में यात्री काफी परेशान होते हुए नजर आए।

रीवा !





जहां मंगलवार सुबह से ही दूर-दूर से आए यात्री बस स्टैंड में बसों के इंतजार में रहे लेकिन हड़ताल की वजह से सभी बसें बस स्टैंड में ही खड़ी रही। बता दें कि सोमवार को प्रशासन और बस एसोसिएशन के बीच हुई बैठक के बाद यह संभावना जताई जा रही थी कि मंगलवार से रीवा में बसों का संचालन शुरू हो सकता है। लेकिन ऐसा कुछ भी नही हुआ क्योंकि चालकों की नाराजगी की वजह से हड़ताल मंगलवार को भी जारी है। नए बस स्टैंड के भीतर कुछ यात्री अपना बिछौना बिछाकर यात्री बसों का इंतजार करते नजर आए । वही ज्यादातर यात्रियों ने हड़ताल की स्थिति को देखते हुए अपने व्यक्तिगत वाहन बुलाएं और निजी वाहनों से अपने गंतव्य स्थल की ओर आगे बढ़े। बस स्टैंड में बस के इंतजार में खड़े यात्रियों द्वारा बताया गया कि हमलोग महामलेश्वर से आए है और हम लोगो को चितरंगी जाना है। हमलोगो को किसी भी प्रकार से हड़ताल की जानकारी नही थी और अब बस के ना मिलने से हमलोगो सुबह से बस स्टैंड में ही बिछौना बिछाकर लेटा हुआ हूं। घर जाने के लिए अपने भाई को व्यक्तिगत वाहन लेकर बुलाया है। जब वह आ जाएगा तब घर जा पाऊंगा। यात्री राजदेव कुशवाहा ने बताया कि मैं सीधी से आया हूं। मुझे सीधी से रीवा आने के लिए कोई बस नही मिली। सीधी से रीवा तक पहुंचने के लिए मुझे रास्ते में चार ऑटो बदलने पड़े। किराया भी बहुत ज्यादा लग गया है अब रीवा बस स्टैंड में बैठकर ऑटो की तलाश में हूं। यात्री मनीष कुमार साकेत ने बताया कि मुझे सीधी जाना है। पर आज रीवा से एक भी बस सीधी के लिए नही जा रही हैं। काफी देर से नए बस स्टैंड में खड़ा हूं और परेशान हूं। अब मुझे समझ नही आ रहा कि मैं सीधी तक कैसे पहुंच पाऊंगा। बस स्टैंड पर खड़े एक अन्य यात्री नीरज कुमार सोनी ने बताया कि मैं सुबह से बस का इंतजार कर रहा हूं। सुनने में आया था कि आज से रीवा में यात्री बसें चलेंगी पर ऐसा बिल्कुल भी नही है क्योंकि मैं सुबह से परेशान हूं। मैं मुंबई से सफर करके रीवा आया हूं अब मुझे चितरंगी जाना है। इसलिए अब घर जाने के लिए व्यक्तिगत वाहन बुलवाया है।

**हड़ताल के चलते किराना व सब्जियां हुई महंगी**

ड्राइवर्स की हड़ताल के चलते अन्य जिलों से आने वाली ,किराना दूध से लेकर सब्जियों की सप्लाई कम हुई है। ज्यादातर शहरों में सब्जियां महंगी हो गईं । कई सारी स्कूल-कॉलेज ज्यादातर बसें रहीं बंद ।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा हरि कृष्णदास जी का 99वां जन्मोत्सव

रीवा ।





इंदौर वाले साईबाबा के नाम से प्रख्यात पूज्य गुरुदेव बाबा हरिकृष्णदास जी का 99वां जन्मोत्सव दि. 01 जनवरी को गंगवानी परिवार और सर्व सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय सिंधु भवन में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविख्यात संत स्वामी हँसदास और उनके भ्राता स्वामी सरूपदास जी ने मधुर भजनो द्वारा भक्तमण्डल को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वामी हँसदास जी ने बताया कि पूज्य बाबा हरिकृष्ण दास जी ष्सादा जीवन उच्च विचारष के सूत्र पर विश्वास रखते थे। वो एक छोटी सी झोपड़ी में रहकर सदैव प्रभु भक्ति और परमार्थ चिंतन किया करते थे।उनके पास जाने वाले भक्तों को भौतिक सुखों के साथ आत्म सन्तुष्टि भी प्राप्त होती है।गंगवानी परिवार साधुवाद का पात्र है जो बाबाजी की याद में हर साल आंग्ल नववर्ष के प्रथम दिवस पर ये आयोजन कर सर्व समाज और खासकर युवा पीढ़ी को सनातन धर्म से जोड़ने का प्रयास करता है। कार्यक्रम के अंत मे आंग्ल वर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए उदासी बंधुओं द्वारा विश्व कल्याण की भावना से प्रार्थना की गई। महाआरती महापल्लव के बाद भंडारे में सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सेंट्रल पंचायत रीवा के अध्यक्ष सरदार प्रह्लाद सिंह, मैहर पंचायत के अध्यक्ष ईश्वर लाल हिरानी, सिंधु रत्न बलराम जज्ञासी, उद्धवदास माधवानी, मोहनलाल गोकलानी, रवि डावानी, हुकूमत राय होतवानी, सुदामा लाल सचदेव, गुरमुख दास मोटवानी, चंदीराम केसवानी, लधाराम ठारवानी, कमलेश सचदेव, राजकुमार टिलवानी, विजय सचदेव, महेश ठारवानी, दीपक जियानी, अनिल बुधवानी, लालचंद आहूजा, गोधू भाई, प्रकाश शिवनानी, सुरेश निरंकारी, दिलीप लेखवानी, रामचंद असनानी, लेखराज मोटवानी, मनोहरलाल गंगवानी, गिरधारी लाल गंगवानी, शंकर, प्रदीप, अमित, विक्की, विशाल सहित मातृशक्ति रेखा देवी, हेमा देवी, वर्षा देवी, लत्ता देवी, अमीषा, जानवी, महक, सौम्या, रिद्धिम सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाऐं पुरुष और युवा वर्ग उपस्थित हुआ।

## खनिज कार्यालय रीवा मानचित्रकार ने खनिज अधिकारी को पढ़ाया पाठ


**माफियाओं में दौड़ी खुशी की लहर**

**रीवा ।** खनिज विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो अंगद के पांव की तरह रीवा में जमें मानचित्रकार की आखिरकार दाल गल ही गई। मानचित्रकार ने खजिन अधिकारी को ऐसा पाठ पढ़ाया कि नवागत खनिज अधिकारी भ्रष्टाचारी रूपी दानव से हाथ मिला ली। यह बात जैसे खनिज माफियाओं के बीच आई तो उनके बीच खुशी की लहर दौड़ गई। विभागीय सूत्र ने बताया कि पूर्व की भांति खनिज माफिया खनिज संपदा का अवैध उत्खनन करने लगे। एक ओर जहां अवैध गिट्टी, बालू की दौड़ शुरु हो गई वहीं दूसरी ओर बाक्साइड का अवैध उत्खनन कर परिवहन किये जाने का दौर शुरू हो गया। सूत्रों से जो बात निकल कर आई उसमें बताया गया कि मानचित्रकार सहित सर्किल के खनिज अधिकारियों ने माफियाओं को बता दिया कि अधिकारी बहुत ही सख्त है बड़ी मुश्किल अवैध उत्खनन एंव परिवहन किये जाने के लिए माने है, बस मंदिर पर चढन्ने वाले प्रसाद की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा। प्रसाद की बातें सुनकर माफियाओं के बीच थोड़ी ना नुकुर तो चली लेकिन बाद में सहर्ष स्वीकार कर लिये है। इसके पुजारी भी पूर्व की भांति मानचित्रकार को घोषित कर दिया गया है। अब जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एंव परिवहन में रौनकता लौट कर आयेगी। सीधी, शहडोल से रेत के अवैध परिवहन पर जोर बढेगा तो वही हनुमना, मऊगंज से पत्थर पटिया का यूपी में अवैध परिवहन का कारोबार फिर से शुरु होगा। दूर की बात छोड़े तो शहर से सटे क्षेत्रों में अवैध क्रेशर संचालको एवं बिना लीज के खदान चलाने वालों की बांछे खिल गई। शहर में बालू, गिट्टी, मुरूम का अवैध ठीहा जमाकर बेचने वाले अब मूछों पर ताव देते हुए दिखाई दे रहे है। यह सब मानचित्रकार की मेहरबानी का नतीजा माना जा रहा है। बताते चले कि विधानसभा चुनाव के पूर्व हुए तबादले में सीधी से रीवा खनिज विभाग की बागडोर नवागत अधिकारी को दी गई। बताते हैं कि नवागत खनिज अधिकारी ने शुरूआती दौर में ही विभाग में जमें मठाधीशों को पहचान गई और उनको दरकिनार कर खनिज माफियाओं पर टूट पड़ी और दो माह के अंदर ताबड़तोड़ कार्रवाही कर शासन को राजस्व लाभ दिलाया। खनिज अधिकारी के सख्त तेवर देख माफियाओं के बीच बौखलाहट मच गई और मानचित्रकार पर दबाव बनाते रहे। समय में पांसा पलटा और मानचित्रकार अपने मंसूबों में कायबाब हो गया। वर्तमान हालात में चालकों के आंदोलन की वजह से वाहनों के पहिये थमे हुए है लेकिन बिना लीज की खदानें से सब्बल, घन की आवाजें निकलनी शुरू हो गई है और एक बड़ा हिस्सा खनिज संपदा का उत्खनन कर चालकों की हड़ताल खत्म होने का माफिया इंतजार कर रहे हैं।

## जिला आबकारी कार्यालय में ऐसा कौन सा राज है दफन

**जिसकी जानकारी देने मुंह छुपा रहे अधिकारी**

**रीवा ।** जिला आबकारी कार्यालय रीवा की कमान जब से विवादित जिला आबकारी अधिकारी ने संभाली है तब से कार्यालय में जमकर गोलमाल हो रहा है। शराब ठेकेदारों को वेवजह मीटिंग के नाम पर परेशान करना, शहर में सिंडीकेट बनवाकर कटनी का याराना निभाना, लिफाफे के साथ ही बेगारी करवाना, बेयर हाउस के कर्मचारी से घर में जूठन धुलवाना तो आम बातें हो गई। लेकिन यहां बात सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी पर आ गई। मनगवां के तिवनी निवासी समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने जिला आबकारी अधिकारी से सात बिंदुओ पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी, आश्चर्य की बात यह है कि समयवधि के अंदर जिला आबकारी अधिकारी ने समाजिक कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दी। आखिर ऐसा कौन सा राज जिला आबकारी कार्यालय में दबा हुआ है जिसका उजागर होने का खौफ जिला आबकारी अधिकारी को सता रहा। तीन माह गुजर गये जानकारी न मिलने और न ही जिला आबकारी कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का समाजिक कार्यकर्ता से पत्राचार किये मामला प्रथम अपील तक पहुंचा दिया। बाक्स जिला आबकारी अधिकारी की वजह लाखों रूपये का शासन को पहुंची क्षति सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी समयावधि में दिये जाने आवेदनकर्ता को 2 रूपये प्रति पेज शासन के कोष में जमा करना पड़ता है। समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा मांगी गई सात बिंदुओ की जानकारी का 59665 पेज होता है जो 2 रूपये प्रति पेज के हिसाब से 1 लाख 19 हजार 336 रूपये होता है। उक्त जानकारी सही समय में दिये जाने पर शासन के खाते में 1 लाख 19 हजार 330 रूपये जाती। जो जिला आबकारी अधिकारी के चलते शासन के कोष को एक बड़ा झटका लगा। समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने बताया कि जब उन्होंने प्रथम अपील आबकारी विभाग के संभागीय कार्यलय में की तब जिला आबकारी अधिकारी ने पत्र दिखाते हुए कहा कि राशि जमा किये जाने के लिए कार्यालय द्वारा 5/10/23 को पत्र जारी किया गया था, जिसमें 7 दिवस के अंदर शासन की राशि जमा किये जाने का उल्लेख किया गया है। मजे की बात यह निकल कर आई कि उक्त पत्र का कहीं किसी डाक पत्र में उल्लेख नहीं था, ऐसा समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी का कहना है। बाक्स संभागीय उपायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी की कर दी खिंचाई मामला जिला आबकारी कार्यालय से निकल कर प्रथम अपील संभागीय उडऩदस्ता जा पहुंचा। और समाजिक कार्याकर्ता प्रकाश तिवारी ने आबकारी उपायुक्त के सामने अपना पक्ष रखते हुए जिला आबकारी कार्यालय से मांगी गई जानकारी दिलाये जाने की बात रखी। संभागीय उपायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी को तलब किया जानकारी ने दिये पर सवाल खड़ा कर दिये। मजे की बात रही कि जिला आबकारी अधिकारी ने संभागीय उपायुक्त को गुमराह करने एक फर्जी आदेश दिखाते हुए कहा कि आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा राशि नही जमा की गई जबकि इस संबंध में पत्रचार किया गया था। जब डाक रजिस्टर को पलटा गया तो उसमें जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताये गये पत्र का कहीं जिक्र ही नहीं था। जिला आबकारी अधिकारी के करतूत की पोल खुलते ही आबकारी उपायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी को पत्र लिख शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराये जाने की खिंचाई कर दी।



## छात्रावासों में फर्जी उपस्थिति के नाम पर अजाक विभाग में भ्रष्टाचार

**विभागीय जिम्मेदारों की अनदेखी से योजनाओं में पलीता लगाए जाने का आरोप**

मऊगंज



जिले मे अनुसूचितजाति,अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग में छात्रावासों के नाम पर कई संस्थाओं का संचालन हो रहा है। किंतु यहां के छात्रावासों छात्रो की संख्या रिकॉर्ड में दिखाई जाती है। वह होती नहीं है। क्योंकि मॉनिटरिंग नहीं होती और सही जानकारी प्रकाश में नहीं आती। यही कारण है कि अनुपस्थित छात्रों की उपस्थिति दर्ज कर उनके नाम पर खर्च होने वाले बजट का बंदरबांट कर लिया जाता है। यह सब विभाग के जिम्मेदारों की मिली भगत से होता है। क्योंकि बजट तो जिला स्तर से जारी होता है। छात्रों के नाम पर कितना बजट मिलता है और कितने छात्रों की उपस्थिति के नाम पर उसे प्रतिमाह व्यय किया जाता है। यह सब पता किया जाए तो छात्रावासों के नाम पर व्यापक पैमाने पर खेल हो रहा है। किंतु विभागीय अधिकारियों का नियमानुसार इस पर कोई ध्यान नहीं जाता।*छात्रावास में नाम मात्र के छात्र,किंतु रिकॉर्ड में अधिक*सूत्रो ने बताया गया कि अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नईगढ़ी में निर्धारित सीटों के अनुसार छात्र संख्या दर्ज की जाती है। किंतु जब मौके पर देखा जाए तो यह संख्या चौथाई भी नहीं होती इसका मतलब है कि जिन छात्रों की फर्जी उपस्थिति दिखाई जाती है। उनके नाम पर रिकॉर्ड में मनमानी खर्च दिखाकर राशि हजम की जाती है।यदि कोई छात्रावास 50 सीटर है तो वहां उपस्थित शत प्रतिशत या उससे कुछ कम दिखाई जाती है। जबकि वास्तविक उपस्थिति बहुत कम होती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के छात्रावासों में यही खेल हो रहा है। जहां हर महीने कई लाख का बंदरबांट हो जाता है। इस तरह की उपस्थिति का मतलब है कि फर्जी उपस्थिति दिखाकर छात्रों के नाम पर मिलने वाले बजट का बंदरबांट किया जाना इस गणित से समझा जा सकता है। कि छात्रावास में किस तरह का खेल खेला जा रहा है। बताया जाता है कि एक छात्र के नाम पर एक निश्चित बड़ी राशि जारी की जाती है। किंतु जब छात्रावास में जिन छात्रों के नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज की जाती है। तो समझा जा सकता है की प्रति छात्र के नाम पर हर महीने कितना बड़ा खेल किया जाता है।नहीं मिलते मौके पर जिम्मेदार-जब कोई अधिकारी जांच करने भी पहुंचता है। तो उसे बता दिया जाता है की अधीक्षक साहब बाजार में राशन लेने गए हैं या विशेष कार्य से अन्यत्र गए हैं जबकि अधीक्षक छात्रावासों में कभी-कभार ही पहुंचते हैं। कुछ अधीक्षक तो ऐसे हैं कि जिनका निवास मुख्यालय से बाहर रहता है। और पदस्थापना दूरस्थ छात्रावास में है। बताया तो यह भी जाता है कि बच्चों को मीनू के अनुसार नाश्ता एवं खाना भी नहीं मिलता है। जबकि यदि जांच की जाए तो खुद-ब-खुद हकीकत सामने आ जाएगी।*अन्य छात्रावासों की क्या होगी स्थिति*जब छात्रावासों की स्थिति इतनी बदतर है तो समझा जा सकता है कि वहां बच्चों की हालत क्या होगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नाम पर इस तरह के छात्रावासों का संचालन इसलिए हो रहा है ताकि यहां बच्चों को सुविधाजनक तरीके से रखा जा सके। वह अपनी पढ़ाई कर सके। और शिक्षित बन सके। उन्हें आवास एवं भोजन आदि की चिंता से मुक्त रखा जा सके। किंतु यहां सुविधा के नाम पर असुविधा होगी बच्चों को खाना एवं नाश्ता समय पर गुणवत्ता के अनुसार नहीं मिलेगा इसी तरह सोने के लिए शासन की योजना अनुसार बिस्तर नहीं मिलेंगे। पढ़ने के लिए फर्नीचर नहीं उपलब्ध होगा। पेयजल एवं अन्य सुविधाओं का अभाव होगा नियमित रूप से छात्रावासों की मॉनिटरिंग नहीं होगी यदि होगी तो दिखाने के लिए खाना पूर्ति के रूप में सब कुछ ओके बता दिया जाएगा। इस तरह की स्थिति जहां होगी वहां एसटी एसएसटी के छात्रावासों के संचालन का योजनानुसार औचित्य साबित नहीं हो सकता। सवाल यह भी है के एसटी एसएसटी के बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और आदि योजनाओं में सुविधा देने के नाम पर तो जिम्मेदारों द्वारा बड़ी-बड़ी बातें की जाती है ।यहां तक की शासन की तरफ से पर्याप्त बजट भी उपलब्ध करवाया जाता है। किंतु जहां इस तरह की योजनाओं का संचालन किया जाता है। वहां मौके पर जो दिखता है वह चौंकाने वाला होता है।इनका कहना है अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा जिले में चल रहे छात्रावासों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने के विषय की जांच कराई जाएगी। और यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन कारणों के चलते छात्रावास में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है। वहीं दोषी पाए जाने पर छात्रावास अधीक्षकों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## चिकित्सा, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल महाविद्यालय में स्टाफ एवं अधोसंरचना को सुदृढ़ करें- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की**

रीवा!



उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़ करने के लिए कुशल चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय स्टाफ तैयार करना और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए चिकित्सकीय, नर्सिंग और पैरामेडिकल विश्वविद्यालयों का सुचारू संचालन, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं पर्याप्त शैक्षणिक और सहायक स्टाफ़ की उपलब्धता अनिवार्य है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में प्रदेश में संचालित 14 मेडिकल कॉलेज के संचालन, केंद्र द्वारा पोषित 6 मेडिकल कॉलेज के निर्माण, राज्य द्वारा पोषित 4 और प्रस्तावित 12 मेडिकल कॉलेज के निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने महाविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने संचालित कॉलेजों में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम में सीटों की वृद्धि हेतु अधोसंरचना विकास और औपचारिकताओं की कॉलेज वार समीक्षा की एवं शीघ्र पूर्ति के निर्देश दिये ताकि सीट वृद्धि का कार्य जल्दी किया जा सके।

उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालयों में वित्तीय शक्तियों के प्रत्योयाजन के निर्देश दिये ताकि महाविद्यालय स्तर में हितलाभ एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्य सुचारू एवं तेज गति से किए जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश अनुसार प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा, स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर आई इंदौर तथा स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी डिजीस जबलपुर में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री ने नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि नर्सिंग कॉलेज के साथ हॉस्टल निर्माण का कार्य भी किया जाये। पुराने कॉलेज एवं जर्जर हो चुके भवनों के सुधार कार्य हेतु भी व्यवस्थाएँ की जायें। उप मुख्यमंत्री ने केंद्र से समन्वय हेतु विषयों की जानकारी प्राप्त की ताकि ऐसे विषयों का शीघ्र निराकरण किया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने विभाग के अधीन परिषदों मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन परिषद, मध्यप्रदेश पैरामेडिकल परिषद, मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हिन्दी में एमबीबीएस कोर्स संचालन की समीक्षा के दौरान आगामी वर्षों के कोर्स हिन्दी भाषा में मुहैया कराने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। यह बताया गया कि हिन्दी में एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष की पठन सामग्री लगभग तैयार है। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री गोपाल चन्द्र डाड, सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीमती सुरभि गुप्ता, अपर सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ पंकज जैन सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।